दैनिक जागरण

नई दिल्ली, बुधवार
14 नवंबर 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+8=26

www.jagran.com

झारखंड, बिहार, पं. बंगाल, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

रामनगरी में मंदिर आंदोलन के ज्वार की आहट 6

मोदी को क्लीनचिट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 19 को सुनवाई 12

दैनिक जागरण

उगि हे दीनानाथ

www.jagran.com

नई दिल्ली, 14 नवंबर 2018

II

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी सोसायटी में छठ पर्व के अवसर पर रंगीन लाइटों से जगमगाता लेक व्यू पार्क ● जागरण

डूबते सूर्य को अर्घ्य देने घाटों पर उमड़े श्रद्धालु

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : छठ पर्व के तीसरे दिन व्रतियों ने डूबते सूरज को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों में चिह्नित घाटों पर लोगों का सुबह से ही जमावड़ा लगना शुरू हो गया।

महिलाओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य देकर व छठ मइया का गीत गाकर सूर्य की उपासना की। इस दौरान महिलाओं ने दीपदान भी किए। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटियों में स्वीमिंग पूल को उपासना के लिए घाटों में तब्दील किया गया था। शाम होते ही श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा पाठ करने में जुट गए। बुधवार को यानी आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती उपवास खोलकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

लोक आस्था का यह पर्व पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ सोसायटी के लोगों ने मनाया। गौर सिटी में झील पार्क, में स्वीमिंग पूल को घाट बनाया गया।

पूजा के लिए स्वीमिंग पूल की अच्छी तरह साफ-सफाई की गई थी। घाटों पर लोग श्रद्धा में ओत-प्रोत दिखे। दरअसल चार दिनों के छठ महापर्व में तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। मान्यता है कि इस पावन दिन भगवान भास्कर को अर्घ्य देने से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। घाटों को रंग बिरंगी झालरों व रंगोली से सजाया गया था।

सुबह से ही निर्जल रहकर स्नानादि और श्रृंगार कर महिलाएं परिवार के लोगों के साथ छठ घाटों पर पहुंची। दीप प्रज्ज्वलित कर छठ मइया की पूजा की गई। इसके बाद भास्कर देव को दीप अर्पित किया गया। सोसायटी के बच्चों ने भी छठ मइया की पूजा की। व्रत बुधवार यानी आज सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न होगा।